# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

पत्र स. 134/ व्यापा° अ° 3/11 दिनाँक 28/11/11

सेवा में,

**मै. मेगस कन्सोर्शियम द्वारा लीड मैम्बर मै. मेगस बिल्डर्स प्रा. लि.**
सी–369, ग्राउन्ड फ्लोर,
योजना विहार,
दिल्ली–110092

**विषय : इन्दिरापुरम अभयखण्ड–4 अनुकम्पा सोसायटी के निकट ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड जी. एच.–1 के आवंटन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके द्वारा दी गयी निविदा दिनाँक 01.11.2011 के कम में आपको सूचित किया जाता है कि इन्दिरापुरम योजना अभयखण्ड–4 स्थित अनुकम्पा सोसायटी के निकट ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड जी.एच.–1 के आवंटन हेतु आपके द्वारा दी गई दर रु. 40570.00 प्रति वर्गमी. को उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनाँक 26.11.2011 द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्रफल 2450.00 वर्गमी. है, जिसके अनुसार उक्त दरों पर भूखण्ड का कुल मूल्य रू. 9,93,96,500.00 (रूपये नौ करोड़ तिरानवे लाख छियानवे हजार पाँच सौ) मात्र होता है। विक्रय ब्रोशर की शर्तों के अनुसार कुल बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि धनांक रु. 2,48,49,125.00 में धरोहर राशि रु. 1,55,00,000.00 को समायोजित करते हुए इसकी शेष राशि रू. 93,49,125.00 इस पत्र के जारी होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर प्राधिकरण कोष में जमा कराना सुनिश्चित करें। अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि रू. 7,45,47,375.00 (रूपये सात करोड़ पैंतालीस लाख सैंतालीस हजार तीन सौ पिचहत्तर) मात्र जमा कराये जाने हेतु विस्तृत भुगतान विवरण अलग से प्रेषित किया जायेगा। भूखण्ड के अनुबन्ध विलेख निष्पादन से पूर्व कुल बिड मूल्य का 12 प्रतिशत लीज रेन्ट व फ्री–होल्ड चार्ज रू. 1,19,27,580.00 नियमानुसार जमा कराना होगा। भूखण्ड का अनुबन्ध विलेख/विकय विलेख स्पेशल परपज कम्पनी (एस.पी.सी.) के पक्ष में ही निष्पादित किया जायेगा। शेष नियम व शर्तें ब्रोशर के अनुसार होंगी।

E & OE

सहायक अभियन्ता व्यावसायिक

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

पत्र सं. 497/व्याव॰ अनु॰/12 दिनाँक 19/3/12

सेवा में,

**मै॰ मेगस कन्सोर्शियम द्वारा लीड मैम्बर मै॰ मेगस बिल्डर्स प्रा॰ लि॰**
सी–369, ग्राउन्ड फ्लोर,
योजना विहार,
दिल्ली–110092

**विषय : इन्दिरापुरम अभयखण्ड–4 अनुकम्पा सोसायटी के निकट ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड जी. एच.–1 में बढ़ी हुई 109.53 वर्गमी॰ अतिरिक्त भूमि के आवंटन व भुगतान विवरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 134/व्याव॰अनु॰/2011 दिनाँक 28.11.2011 द्वारा इन्दिरापुरम अभयखण्ड–4 अनुकम्पा सोसायटी के निकट ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड जी.एच.–1 के अनुमानित क्षेत्रफल 2450.00 वर्गमी॰ के आधार पर आवंटन तथा पत्र संख्या 313/व्याव॰अनु॰/11 दिनाँक 24.12.2011 द्वारा भुगतान विवरण की सूचना आपको प्रेषित की गयी थी। जिसके अनुसार भूखण्ड के मूल्य रु॰ 9,93,96,500.00 की 25% धनराशि जमा कराने के उपरान्त अवशेष 75% धनराशि रु॰ 7,45,47,375.00 का भुगतान विवरण निम्न प्रकार सूचित किया गया था :–

| कम | राशि | ब्याज 12 % | कुल देय राशि | देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रु॰ 1,24,24,562.00 | रु॰ 44,72,844.00 | रु॰ 1,68,97,406.00 | 28.05.2012 |
| 2. | रु॰ 1,24,24,562.00 | रु॰ 37,27,370.00 | रु॰ 1,61,51,932.00 | 28.11.2012 |
| 3. | रु॰ 1,24,24,562.00 | रु॰ 29,81,896.00 | रु॰ 1,54,06,458.00 | 28.05.2013 |
| 4. | रु॰ 1,24,24,562.00 | रु॰ 22,36,422.00 | रु॰ 1,46,60,984.00 | 28.11.2013 |
| 5. | रु॰ 1,24,24,563.00 | रु॰ 14,90,948.00 | रु॰ 1,39,15,511.00 | 28.05.2014 |
| 6. | रु॰ 1,24,24,564.00 | रु॰ 7,45,474.00 | रु॰ 1,31,70,038.00 | 28.11.2014 |

नियोजन अनुभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये साईट प्लान अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का वास्तविक क्षेत्रफल 2559.53 वर्गमी॰ है एवं तदानुसार भूखण्ड में बढ़ी हुई 109.53 वर्गमी॰ भूमि का औपचारिक आवंटन आपके पक्ष में भूखण्ड की निविदा दर रु॰ 40,570.00 प्रति वर्गमी॰ दर पर इस शर्त के साथ किये जाने की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनाँक 16.03.2012 द्वारा प्रदान की जा चुकी है कि "आवंटी भूखण्ड के पार्ट–बी की 204.36 वर्गमी॰ भूमि (संलग्न साइट प्लान के अनुसार रेखांकित) का उपयोग केवल पार्किंग अथवा प्रवेश द्वार के रुप में ही करेगा तथा उक्त 204.36 वर्गमी॰ भूमि में से निर्धारित प्रवेश द्वार (अधिकतम 12 मी॰ चौडा) के अतिरिक्त अवशेष भूमि को पार्किंग के रुप में उपयोग में लाया जायेगा एवं उक्त 204.36 वर्गमी॰ भूमि का भू–उपयोग तलपट मानचित्र

के अनुसार पार्किंग होने के कारण इस 204.36 वर्गमी॰ भूमि पर निर्माण अनुमन्य नहीं किया जायेगा।" बढी हुई भूमि के मूल्य की 25% धनराशि के सापेक्ष रु॰ 12,00,000.00 आज दिनाँक 17.03.2012 को आपके द्वारा प्राधिकरण कोष में जमा करा दिये गये हैं तथा इस अतिरिक्त भूमि मूल्य की 75% धनराशि जमा कराये जाने हेतु पूर्व में जारी भुगतान विवरण में उक्त धनराशि सम्मिलित करते हुए निम्नानुसार भुगतान विवरण आंकलित है :-

| कम | राशि | ब्याज 12 % | कुल देय राशि | देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रु॰ 1,29,65,168.00 | रु॰ 46,67,466.00 | रु॰ 1,76,32,634.00 | 28.05.2012 |
| 2. | रु॰ 1,29,65,168.00 | रु॰ 38,89,555.00 | रु॰ 1,68,54,723.00 | 28.11.2012 |
| 3. | रु॰ 1,29,65,168.00 | रु॰ 31,11,644.00 | रु॰ 1,60,76,812.00 | 28.05.2013 |
| 4. | रु॰ 1,29,65,167.00 | रु॰ 23,33,733.00 | रु॰ 1,52,98,900.00 | 28.11.2013 |
| 5. | रु॰ 1,29,65,168.00 | रु॰ 15,55,822.00 | रु॰ 1,45,20,990.00 | 28.05.2014 |
| 6. | रु॰ 1,29,65,169.00 | रु॰ 7,77,911.00 | रु॰ 1,37,43,080.00 | 28.11.2014 |

उपरोक्त तालिकानुसार किश्तों के भुगतान हेतु निर्धारित देय तिथि से 29 दिन की अनुग्रह अवधि प्रदान की जायेगी। देय धनराशि का भुगतान समय से न करने की दशा में निर्धारित देय तिथि से 15% वार्षिक पैनल ब्याज देय होगा। 12 प्रतिशत लीज रेन्ट व फ्री-होल्ड चार्ज रु॰ 1,24,60,816.00 रजिस्ट्री/अनुबन्ध विलेख से पूर्व जमा कराना होगा। भूखण्ड का कब्जा नियमानुसार रजिस्ट्री/अनुबन्ध विलेख निष्पादित कराने के उपरान्त प्रदान किया जायेगा तथा अनुबन्ध विलेख स्पेशल परपज कम्पनी (एस.पी.सी.) के पक्ष में ही निष्पादित किया जायेगा। शेष नियम व शर्तें ब्रोशर के अनुसार होंगी।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार साइट प्लान की रेखांकित प्रति।**

E&OE

**सहायक अभियन्ता-व्यावसायिक**